तापमान
अधिकतम 44 .5 डिग्री
न्यूनतम 26 .5 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार 27 मई 2026

11 किसानों को कपास फसल में लगने वाले कीट व बीमारियों की दी जानकारी



12 शहर की सरकार का शपथ ग्रहण 1 जून को, इसके बाद शुरू होगी वीसी के लिए जंग



Tunwal
अब भविष्य को दिजिए इलेक्ट्रिक रफ्तार !
450+ Dealers Pan India
आपकी फैमिली का एक नया सदस्य
Tunwal E-Scooters



सुरक्षा, सुविधा, सेविंग्स
SCAN QR
12 साल से आपके भरोसे की सवारी..........
Term & Condition Applied



To know more details about Tunwal:
www.tunwal.com | info@tunwal.com
7680/4, Delhi Road, Opp. Ghisa ki Dhani, Rewari-123401
For Dealership Enquiry:
+91 7087665524, 8685809555

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसों के तीन आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसों के बाद फरार तीन वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। बावल थाना पुलिस ने 23 मई को हुए हादसे के बाद मौके से फरार हुए वाहन चालक राजस्थान के बहराम का बास निवासी घनश्याम को गिरफ्तार किया है। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। रामपुरा थाना पुलिस ने गत वर्ष 28 नवंबर को दर्ज किए गए मामले में कुमरोधा निवासी अक्षय को गिरफ्तार किया है। कोसली थाना पुलिस ने 22 मई को हुए हादसे में आरोपी चालक भाकली निवासी हरीश को गिरफ्तार किया है। बाद में तीनों को पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### एनडीपीएस एक्ट का आरोपी रिमांड पर

**रेवाड़ी।** बावल थाना पुलिस ने नशीले पदार्थ बेचने के मामले में एक आरोपी को कोर्ट से रिमांड पर लिया है। पुलिस ने गत दिनों नशीला पदार्थ बेचने के मामले में बिशनपुर निवासी सुनील उर्फ सेठी को गिरफ्तार किया था। उस पर नशीला पदार्थ मुहैया कराने का आरोप है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया था। अब उससे पूछताछ करने के लिए पुलिस ने उसे कोर्ट से एक दिन के रिमांड पर लिया है। आरोपी से नशीला पदार्थ सप्लाई करने वालों का पता लगाने के लिए पूछताछ की जा रही है।

### धोखाधड़ी का आरोपी तीन साल बाद पकड़ा

**कोसली।** पुलिस ने धोखाधड़ी के पुराने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ति पक्ष की शिकायत के आधार पर 2 मार्च 2023 को विभिन्न धाराओं के तहत अमानत में खयानत का केस दर्ज किया था। मामले की आर्थिक अपराध शाखा को सौंपी गई थी। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने सोनीपत के माहरा निवासी आशीष को गिरफ्तार किया है। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया गया, उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### दहेज उत्पीड़न के मामले में एक गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने दहेज की मांग पर विवाहिता से मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला की शिकायत पर दोनों पक्षों के बीच बातचीत से समझौता कराने के प्रयास किए थे। दोनों पक्षों के बीच सुलहनामा नहीं होने के कारण पुलिस ने 3 मई को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने राजस्थान के मुसवासी निवासी अरविंद को गिरफ्तार किया है।

### मारपीट मामले का आरोपी चढ़ा हत्थे

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने गत वर्ष बोहका गांव में हुए झगड़े के बाद दर्ज मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अस्पताल में उपचाराधीन घायल के बयान पर गत वर्ष 23 नवंबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पीड़ित ने पुरानी रंजिश के चलते मारपीट के आरोप लगाए थे। इस मामले में फरार चल रहे बोहका निवासी गजेंद्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया। एक अन्य मामले में डहीना पुलिस चौकी ने कंवाली निवासी पंकज को काबू किया है।

*शहरवासियों को 14 दिन से एक दिन छोड़कर एक दिन मिल रहा पानी*

# टैंकों के साथ सूख रहे लोगों के हलक भारी गर्मी में दर्द दे रहा पेयजल संकट

**खूबड़ हेड से 28-29 मई को छोड़ा जाएगा जेएलएन नहर में पानी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सिटी-पल्स

भीषण गर्मी के मौसम में शहर वासियों को प्र्याप्त पानी भी नसीब नहीं हो रहा है। किल्लत के चलते पानी के टैंकों के साथ लोगों की हलक सूखने लगे है। शहर के कालाका व लिसाना वाटर वर्क्स ने लोगों को एक दिन छोड़कर एक दिन कटौती करके पानी दिया जा रहा है। कई वार्डों में तो पानी की दो-तीन दिन में पानी की सप्लाई दी जा रही है। पानी की पूर्ति के लिए लोगों को इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। लोगों गर्मी के मौसम में हैंडपंप से पानी भरने को मजबूर है। सेक्टरों व कॉलोनियों में तो लोगों को पानी के टैंकर मंगवाने पड़ रहे है। नहर बंद होने के बाद कालाका वाटर वर्क्स से पिछले 14 दिन से और लिसाना वाटर वर्क्स से चार दिन से राशनिंग करके पानी दिया जा रहा है। लोगों का कहना है कि सरकार व प्रशासन की ओर से बढ़ती आबादी के साथ वाटर टैंक नहीं बढ़ाए जा रहे है। पिछले एक दशक से शहर दो वाटर वर्क्स के 8 वाटर टैंकों पर ही निर्भर है, जिससे लोगों की पानी की पूर्ति नहीं हो पा रही है। लोगों को गर्मी के मौसम में भी पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसना पड़ रहा है।



रेवाड़ी। कालाका में वाटर टैंक की दिखने लगी जमीन। फोटो : हरिभूमि

### खूबडू हेड से दो जून तक पानी पहुंचेगा



शहर में पिछली बार 20 अप्रैल को नहर में पानी आना शुरू हो गया था, जिसके बाद 7 मई को नहर बंद हो गई थी। नहर के बंद होने के 5 दिन बाद ही पब्लिक हेल्थ विभाग ने शहर में एक दिन छोड़कर एक दिन पानी आपूर्ति शुरू कर दी गई थी। नहर नहीं आने से ज्यादातर वाटर टैंक सूख चुके है, जबकि कुछ में 15-20 प्रतिशत पानी शेष है। नहर का शेड्यूल 16 दिन चालू रहने व 24 दिन बंद रहने का है। फिलहाल नहर को बंद हुए 19 दिन हो चुके है, जिससे पानी का संकट गहराया हुआ है। सिंचाई विभाग के अनुसार खुबडू हेड से 28 या 29 मई को जेएलएन नहर में पानी छोड़ा जाएगा, जिसके बाद ये पानी 1-2 जून को पहुंचेगा। जनस्वास्थ्य विभाग के कालाका वाटर वर्क्स में पांच और लिसाना में तीन वाटर टैंक हैं, जिनकी स्टोरज क्षमता 7 लाख लीटर के करीब है। शहर में प्रतिदिन 280 लाख लीटर पानी की खपत होती है।



### जून के पहले सप्ताह में ही नियमित पानी की आपूर्ति की जाएगी

नहर विभाग के अनुसार खूबडू हेड से 28 मई को पानी छोड़ा जाएगा। शहर में पानी 2 जून तक पहुंचेगा, जिसके बाद वाटर टैंकों में पानी स्टोर करने का कार्य शुरू होगा। शहरवासियों को अब जून के पहले सप्ताह में ही नियमित पानी की आपूर्ति की जाएगी।
-सुनील कुमार, कनिष्ठ अभियंता, जनस्वास्थ्य विभाग।

### लंबे समय से नहीं पानी की समस्या का समाधान



भीषण गर्मी में भी पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल रहा है। प्रशासन की ओर से लंबे समय से पानी की समस्या का स्थाई समाधान नहीं किया जा रहा है। प्रशासन को जल्द ही अतिरिक्त वाटर टैंकों का निर्माण करना होगा। शहर की आबादी बढ़ती जा रही है। अगर पानी की स्टोरेज क्षमता नहीं बढ़ाई गई तो आगामी वर्षों में पानी की समस्या और भी विकट होने वाली है।
-भूपेन्द्र, निवासी यादव नगर।

### राशनिंग में भी पूरा नहीं मिल रहा पानी



विभाग की ओर से एक दिन छोड़कर एक दिन पानी दिया जा रहा है। राशनिंग करके दिया जा रहा पानी भी पूरा नहीं मिल रहा है। आधे घंटे में सप्लाई चली जाती है, जिससे शाम तक पानी खत्म हो जाता है। पीने के लिए भी बाहर से कैंपर खरीदने पड़ रहे है, जिससे महंगाई में आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है।
-ज्योति यादव, निवासी रामसिंहपुरा।

### जलघरों की नहीं बढ़ाई जा रही क्षमता



पानी की सप्लाई आने का कोई निर्धारित समय नहीं है। कटौती करके दिया जा रहा पानी कभी सुबह आ जाता है तो कभी शाम तक इंतजार करना पड़ रहा है। प्रशासन की ओर से जलघरों की क्षमता नहीं बढ़ाई जा रही है। पिछले चार वर्षो से नए वाटर वर्क्स की बात की जा रही है, लेकिन अभी तक कार्य शुरू नहीं हुआ है।
-रिताक्षी गोयल, निवासी अजय नगर।

# तापमान में मामूली गिरावट बेअसर गर्मी से नहीं मिल रही लोगों को राहत

- लू के जबरदस्त प्रकोप से बेहाल हो रहे लोग, दो दिन बाद मौसम में बदलाव की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मई माह के अंतिम दिनों में गर्मी प्रचंड रूप धारण किए हुए हैं। तापमान में मामूली गिरावट के बावजूद लू के थपेड़ों ने लोगों को बेहाल कर दिया है। शहर में दोपहर के समय कर्फ्यू जैसा सन्नाटा छाया रहता है। हीट स्ट्रोक का खतरा बरकरार है। माह के अंतिम तीन दिनों में भारी गर्मी और लू के प्रकोप से राहत मिल सकती है। बारिश के बाद तापमान में बड़ी गिरावट की संभावना जताई जा रही है।

मंगलवार को नौतपा के दूसरे दिन भी गर्मी का कहर बरपता रहा। बीते साल की तुलना में इस बार नौतपा में गर्मी का प्रकोप काफी अधिक बना हुआ है। ज्योतिषाचार्यों की नजर में 9 दिन की अवधि में अगर इसी तरह प्रचंड गर्मी पड़ी, तो मानसून में अच्छी बारिश होने की संभावना रहेगी। सुबह से ही गर्मी का प्रकोप बना रहने के कारण दोपहर के समय 22 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से गर्म हवाएं चलती हैं, जिससे लोगों का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल बना हुआ है। सुबह 10 बजे के बाद से ही लोग घरों से बाहर नहीं निकलते। मंगलवार को अधिकतम तापमान 0.1 डिग्री की कमी के साथ 44.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया, लेकिन गर्मी का असर 45 डिग्री से भी ज्यादा महसूस होता रहा। न्यूनतम तापमान 7.0 डिग्री की बड़ी गिरावट के साथ 26.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। इससे रात के समय लोगों को कुछ हद तक भारी गर्मी से राहत मिली रही। 26 मई के दिन पिछले साल बारिश होने के बाद अधिकतम तापमान 33.0 और न्यूनतम 22.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।



रेवाड़ी। मंगलवार को तेज धूप से बच्चे का बचाव करती महिला। फोटो : हरिभूमि

### मौसम में जल्द बदलाव के संकेत

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते 29 मई से मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। तेज हवाओं या आंधी के साथ अच्छी बारिश होने की संभावना है। प्री-मानसून बारिश होने से तापमान में बड़ी गिरावट आ सकती है, जिससे लोगों को लू के प्रकोप से राहत मिल सकेगी। दो-तीन दिन तक मौसम इसी तरह बना रहेगा। हवा में नमी बढ़ने से लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ेगा।

### बिजली की खपत में कमी नहीं

भारी गर्मी में एसी का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। बाजार में एसी की बिक्री भी काफी बढ़ गई है। एसी का उपयोग बढ़ने से घरेलू बिजली की खपत बढ़ रही है। दैनिक खपत 100 करोड़ यूनिट तक पहुंच गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में ओवरलोडिंग के चलते पीक अवर्स में शाम के समय बार-बार कट लगाए जा रहे हैं, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रात के समय भी पावर कट लगाए जा रहे हैं।

नौतपा शुरू होने से पहले तापमान 45.0 डिग्री के पार पहुंच गया था, लेकिन नौतपा शुरू होते ही अच्छी बारिश ने तापमान में बड़ी गिरावट लाने का काम किया था।

# देशी कट्टे के साथ आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

थाना रामपुरा पुलिस ने हरिनगर गांव के पास एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग अंकित किया गया है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि जड़थल निवासी सौरव के पास अवैध हथियार है। वह हरिनगर गांव के बाहर झाड़ियों के पास खड़ा किसी का इंतजार कर रहा है। सूचना मिलने के बाद रामपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस को देखकर एक युवक ने भागने का प्रयास किया, परंतु पीछा करते हुए पुलिस ने उसे काबू कर लिया। तलाशी लेने पर युवक की जेब से देशी कट्टा मिला। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम जड़थल निवासी सौरव बताया। आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार करने के बाद उसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी से कट्टा सप्लाई का पता लगाने के लिए पूछताछ की। इसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह 28 को रेवाड़ी में

**रेवाड़ी।** प्रदेश के वन एवं उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह आगामी 28 मई को अखिल भारतीय वीर सावरकर विचार मंच एवं वीर सावरकर उद्यान विकास समिति की ओर से वीर सावरकर जयंती की अमृतवेला पर सरकुलर रोड स्थित पार्क में बनने वाले अखंड भारत वर्ष द्वार की आधारशिला रखेंगे। अखिल भारतीय वीर सावरकर विचार मंच के संयोजक श्रीनिवास शर्मा शास्त्री ने बताया कि वीर सावरकर उद्यान विकास समिति की देखरेख में ब्रॉस मार्केट के पार्क का जीर्णोद्वार कार्य निरंतर जारी है। उन्होंने कहा कि महान देशभक्त वीर सावरकर की स्मृति में बनाए जा रहे इस पार्क व द्वार से आने वाली पीढियां देशभक्ति के लिए सदैव प्रेरित होती रहेगी।

# दुकान खाली कराने पहुंची पुलिस, बैरंग लौटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। दुकान खाली कराने पहुंची पुलिस व जमा लोग।

सिटी थाने के पास सोमवार की रात एक दुकान खाली कराने के लिए पहुंची पुलिस को उस समय बैरंग लौटना पड़ा, जब आसपास के लोगों ने विरोध जताते हुए वीडियोग्राफी शुरू कर दी। बाद में पुलिस ने मामले में हस्तक्षेप करने से मना कर दिया। बताया जा रहा है कि एक दुकानदार मनोज ने दुकान किराए पर ली हुई है। दुकान का एडवांस किराया भी मालिक को दिया हुआ है, जिसके सबूत दुकानदार के पास मौजूद हैं। कुछ समय दुकान मालिक की मौत हो गई। अब उसकी दूर की रिश्तेदार एक महिला ने दुकान पर मालिकाना हक जताते हुए दुकान खाली करने के हथकंडे अपनाने शुरू कर दिए हैं। रात को भी दुकान खाली कराने के लिए डायल-112 पर कॉल की गई। इसके बाद पुलिस की ईआरवी मौके पर पहुंच गई। पुलिस के पहुंचते ही दुकान के आसपास के लोग भी वहां पहुंच गए। पुलिस कार्रवाई को गलत करार देते हुए लोगों ने पुलिस की वीडियोग्राफी शुरू कर दी। इसके बाद पुलिसकर्मियों को बिना दुकान खाली कराए ही लौटना पड़ा।

### थाने पहुंचकर दर्ज करवाया विरोध

मंगलवार को दुकानदार व उसके पड़ोसी सिटी थाने पहुंच गए। लोगों ने पुलिस पर जबरन दुकान खाली कराने के आरोप लगाए। इसके बाद रात को ईआरवी पर तैनात पुलिसकर्मियों को बुलाया गया। पुलिसकर्मियों ने बताया कि वह झगड़े की आशंका के चलते कॉल पर गए थे। उनका मकसद दुकान खाली करवाना नहीं था। इसके बाद ही मामला शांत हुआ।

### वीरवार को मनाया जाएगा ईद-उल जुहा का पर्व

**रेवाड़ी।** वीरवार 28 मई को जिले की सभी मस्जिदों व ईदगाह में ईद-उल-फितर की नमाज अता की जाएगी। मुस्लिम सभा के प्रधान मुबीन खान ने समाज के साथ सलाह-मशवरा करके जिले की सभी मस्जिदों में ईद की नमाज का समय तय किया है। प्रधान ने बताया कि जामा मस्जिद पीरबाबा वाली में पहली नमाज सुबह 7:30 बजे व दूसरी नमाज 8:30 बजे, आसिया मस्जिद पुराना सिटी थाना में सुबह 7:15 बजे, अक्शा मस्जिद चौधरीवाड़ा में सुबह 8:30 बजे, खोल मस्जिद में सुबह 7 बजे, मदीना मस्जिद रेलवे स्टेशन में सुबह 8 बजे व गांव गुड़ियानी स्थित ईदगाह में सुबह 7:30 बजे ईद की नमाज पढ़ने का समय तय किया गया है।

*टीम ने दो स्थानों पर 5 एकड़ में विकसित हो रही अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया*

# जाटूवास और लालपुर में चला डीटीपी का बुलडोजर

**डीटीपी की कार्रवाई से प्लॉटिंग करने वाले लोगों में खलबली मच गई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीटीपी विभाग की टीम ने मंगलवार को शहरी क्षेत्र की राजस्व सीमा में अवैध निर्माणों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की। डीटीपी की टीम ने दो स्थानों पर 5 एकड़ में विकसित हो रही अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया। डीटीपी की कार्रवाई से प्लॉटिंग करने वाले लोगों में खलबली मच गई। पुलिसबल की मौजूदगी में डीटीपी की कार्रवाई का कहीं विरोध नहीं हुआ। डीटीपी की कार्रवाई के बाद भी कॉलोनाइजर व डीलर नई कॉलोनियां विकसित करने में लगे हुए हैं। डीटीपी के निर्देश पर मंगलवार को पुलिसबल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ टीम रेवाड़ी-भाड़ावास रोड स्थित गांव जाटूवास में पहुंची। जहां डीटीपी की टीम ने करीब 3 एकड़ जमीन पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी का जमींदोज किया। टीम ने यहां 3 डीपीपी व प्रारंभिक चरण के कच्चे रोड नेटवर्क को समतल कर दिया। इसके अलावा डीटीपी की टीम ने गांव लालपुर में 2 एकड़ जमीन पर विकसित हो रही अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई की। टीम ने अवैध कॉलोनी में कच्चे रोड नेटवर्क को समतल कर दिया। पुलिस बल की मौजूदगी के चलते डीटीपी की इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ।

### नियमित कॉलोनियों में ही प्लॉट या मकान खरीदें



रेवाड़ी। अवैध कॉलोनी के कच्चे रोड का ध्वस्त करती जेसीबी। फोटो :हरिभूमि

### अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें लोगः सिहाग



डीटीपी मंदीप सिहाग ने कहा कि विभाग की ओर से ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी, जिन्होंने अनियमित कॉलोनियों में निर्माण किए हैं। डीटीपी ने कहा कि लोगों को बार-बार यह बताया जाता है कि वह प्लॉट खरीदने से पहले उनके कार्यालय में आकर पूछताछ जरूर करें। लोग प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदते हैं। जब वह निर्माण शुरू करते हैं, तो विभाग की ओर से उन्हें गिराने की कार्रवाई की जाती है। इससे प्लॉट खरीदकर निर्माण करने वाले लोगों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ता है। नियमित कॉलोनियों में ही प्लॉट या मकान खरीदें, ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना नहीं करना पड़े।



# पाकिस्तानी क्रिकेटर का किरदार निभाएंगे फरहान

**मुंबई।** फरहान अख्तर इन दिनों रणवीर सिंह के साथ 'डॉन 3' विवाद को लेकर चर्चाओं में हैं। इसी बीच उनके काम से जुड़ी भी एक खबर आ रही है। फरहान जल्द ही क्रिकेटर लाला अमरनाथ पर बन रही फिल्म में कैमियो रोल कर सकते हैं। वह फिल्म में एक पाकिस्तानी क्रिकेटर की भूमिका में दिखाई दे सकते हैं। इसमें उनका किरदार लाला अमरनाथ के बेहद नजदीक है और भावनात्मक रूप से जुड़ा हुआ है। हालांकि, अभी मेकर्स ने और फरहान ने इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया। बता दें वह इस प्रोजेक्ट से निर्माता के तौर पर भी जुड़े हुए हैं। क्रिकेटर लाला अमरनाथ पर बन रही इस बायोपिक को कई निर्माता मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं।

## लाइफ Style

# पूजा

## इकोज ऑफ अस को लेकर हैं सुर्खियों में

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पूजा बत्रा की बतौर निर्माता फिल्म 'इकोज ऑफ अस'को कान्स फिल्म फेस्टिवल 2026 में प्रदर्शित किया गया, जिसे लेकर अभिनेत्री ने खुशी जाहिर की। पूजा ने सोशल मीडिया पर रेड कार्पेट से अपनी ग्लैमरस तस्वीरें साझा करते हुए इस उपलब्धि को यादगार बताया।

एक्ट्रेस पूजा बत्रा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म इकोज ऑफ अस को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म इकोज ऑफ अस एक इमोशनल ड्रामा है, जो प्रेम, बिछड़ने के दर्द और मानवीय रिश्तों की जटिल भावनाओं को दर्शाती है। इस फिल्म में यूलिया वंतूर ने अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत की है। उनके साथ दीपक तिजोरी और स्पेनिश अभिनेत्री एलेसांद्रा व्हेलन मेरेडिज भी अहम भूमिकाओं में नजर आए हैं। फिल्म का निर्देशन जो राजन ने किया है, जबकि इसे पूजा बत्रा ने अपने लॉस एंजिल्स स्थित प्रोडक्शन हाउस 'ग्लोबेलिंक'के तहत एलायंस मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से प्रोड्यूस किया है। महज 20 मिनट लंबी इस शॉर्ट फिल्म ने दुनियाभर के कई फिल्म समारोहों में जबरदस्त सराहना हासिल की है। पूजा बत्रा ने इंस्टाग्राम पर कान्स फिल्म फेस्टिवल से अपनी कई ग्लैमरस तस्वीरें पोस्ट कीं। इन तस्वीरों में वह रेड कार्पेट पर बेहद खूबसूरत अंदाज में नजर आईं। पोस्ट के साथ अभिनेत्री ने फिल्म और अपनी टीम के लिए एक भावुक नोट भी लिखा। उन्होंने मजाकिया अंदाज में लिखा, कान्स यानी के-ए-एन, क्योंकि हम कर सकते हैं। फिल्म अब तक 80 से अधिक अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुकी है।



## हॉलीवुड मसाला



# जीता आर्टिस्ट ऑफ द ईयर अवॉर्ड

**लॉस एंजिल्स।** के-पॉप बैंड बीटीएस के फैंस दुनियाभर में हैं। इस बार अमेरिकन म्यूजिक अवॉड्‌र्स 2026 में इस बैंड ने लगभग तीन अवॉर्ड अपने नाम किए। पहला पुरस्कार उन्होंने 'आर्टिस्ट ऑफ द ईयर' का जीता। इसके बाद बैंड ने 'स्विम' के लिए सॉन्ग ऑफ द समर और बेस्ट मेल के-पॉप आर्टिस्ट का खिताब भी अपने नाम किए। इसके पहले बीटीएस ने 2021 में यह पुरस्कार अपने नाम किया था। अमेरिकन म्यूजिक अवॉड्‌र्स में सिंगर सबरीना कारपेंटर के एल्बम 'मैन्स बेस्ट फ्रेंड' को एल्बम ऑफ द ईयर और बेस्ट पॉप एल्बम का अवॉर्ड दिया गया।



# ब्रैड तलाक के बाद के हालात के कारण नहीं कर रहे शादी!

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड सुपरस्टार ब्रैड पिट एक बार फिर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। सोशल मीडिया पर यह खबर जंगल में आग की तरह फैल रही है कि एंजेलिना जोली से तलाक के बाद वह दोबारा शादी करने वाले हैं। ब्रैड पिट इन दिनों खुद से 29 साल छोटी इनेस डी रेमोन को डेट कर रहे हैं। दोनों करीब 4 साल से एक-दूसरे के साथ हैं। हालांकि, शादी की खबरों को एक हालिया रिपोर्ट ने फर्जी बताया है। रिपोर्ट में एक करीबी सूत्र ने कहा है, 'ब्रैड और इनेस की जोड़ी आपस में 'बहुत खुश' है। ऑस्कर जीत चुके एक्टर 'अपनी शांत स्वभाव वाली गर्लफ्रेंड से मिलने वाले सुकून और सहारे का आनंद ले रहे हैं। हालांकि, उनका शादी को लेकर अभी कोई प्लान नहीं है। इसकी एक वजह एंजेलिना जोली से उनके अलगाव के बाद के हालात हैं। वैसे, ब्रैड पिट की तरह ही इनेस भी तलाकशुदा हैं। ब्रैड पिट की उम्र 62 साल है।



# शकीरा के डांस की दीवानी हुईं अमीषा

**मुंबई।** अभिनेत्री अमीषा पटेल इन दिनों सोशल मीडिया पर दो बातों को लेकर काफी चर्चा में हैं। पहली वजह है पॉप स्टार शकीरा की तारीफ करना और दूसरी वजह है बॉलीवुड के नए कलाकारों पर गुस्सा निकालना। मशहूर सिंगर शकीरा ने फीफा विश्व कप 2026 के ऑफिशियल गाने 'दाई दाई' से धमाकेदार वापसी की है। इस गाने में उनके साथ नाइजीरियाई सिंगर बर्ना बॉय भी हैं। गाने के एक वीडियो में शकीरा पीले रंग के कपड़ों में शानदार डांस करती नजर आ रही हैं, जो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। इस वीडियो को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर करते हुए अमीषा पटेल ने लिखा, 'वाह शकीरा, आप 49 साल की उम्र में भी कमाल हैं। आपका डांस, ड्रेस और लुक 25 साल की उम्र से भी ज्यादा हॉट और खूबसूरत है।'



# है जवानी तो इश्क होना है... का गाना रिलीज

**मुंबई।** 'है जवानी तो इश्क होना है' के मेकर्स ने मंगलवार को वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े पर फिल्माया गया गाना 'चुनरी चुनरी' रिलीज किया। जहां डांस स्टेप्स, नएपन और गाने की वाइब ने लोगों का ध्यान खींचा, वहीं कुछ लोगों को पुराने वर्जन और सलमान खान-सुष्मिता सेन की याद आ गई। यह गाना सलमान खान और सुष्मिता सेन पर फिल्माए गए 'चुनरी' गाने का रीमेक है। ऐसा लगता है कि नेटिजन्स को यह गाना ज़्यादा पसंद नहीं आया। एक ने लिखा- सलमान और सुष्मिता की एनर्जी का कोई मुकाबला नहीं। एक यूजर ने कहा- सलमान कोने में रो रहे होंगे। एक कमेंट में लिखा था- इससे घटिया क्या ही होगा। हाल ही में एक इवेंट में, मस्ती भरे माहौल में कैमरों के सामने पोज देते हुए, सलमान खान ने वरुण धवन का मजाक उड़ाया था।

## टीवी मसाला




# रमाकांत की मौजूदगी हर सीन को कर देती थी रोशन

**नई दिल्ली।** टीवी और बॉलीवुड फिल्मों में नजर आने वाले दिग्गज अभिनेता रमाकांत दायमा का 26 मई को निधन हो गया। इस खबर को सुनकर उनके करीबी और फैंस गहरे शोक में डूब गए हैं। टीवी अभिनेता करण मेहरा ने भी रमाकांत दायमा के निधन पर शोक जताया है। उनके लिए एक भावुक पोस्ट सोशल मीडिया पर लिखी है। टीवी अभिनेता करण मेहरा ने एक भावुक पोस्ट इंस्टाग्राम पर साझा करते हुए लिखा, 'आज हमने एक अद्भुत शख्सियत को खो दिया है। एक ऐसा इंसान जिनकी आवाज बुलंद थी, उनकी मौजूदगी हर सीन को रोशन कर देती थी। वह सिर्फ एक बेहतरीन अभिनेता और प्रतिभाशाली गायक ही नहीं थे, बल्कि एक मार्गदर्शक, एक पिता-तुल्य हस्ती और न जाने कितने लोगों के दोस्त भी थे। उनकी दयालुता, उनकी कला और उनकी गर्मजोशी हम सभी के दिलों में हमेशा जिंदा रहेगी। उनका प्यार और उनका जुनून हमेशा हमारे दिलों में गूंजता रहेगा। ईश्वर आपकी आत्मा को शांति दे।' अभिनेता रमाकांत दायमा के निधन पर सिने एंड टीवी आर्टिस्ट्स एसोसिएशन ने भी शोक व्यक्त किया। सोशल मीडिया पर एक शोक संदेश साझा करते हुए एसोसिएशन ने लिखा, 'गहरे दुख के साथ हम श्री रमाकांत दायमा के निधन पर शोक व्यक्त करते हैं, वे एक सम्मानित पूर्व कार्यकारी समिति सदस्य और हमारी इंडस्ट्री का एक खास हिस्सा थे।' वर्षों के अभिनय करियर में रमाकांत दायमा ने कई फिल्मों, टेलीविजन सीरियल और थिएटर प्ले में काम किया। शाहरुख खान अभिनीत चक दे इंडिया के अलावा वह धनक जैसी फिल्मों में नजर आए। रमाकांत दायमा के मौत की पुष्टि उनकी साथी एक्ट्रेस शुभांगी लटकर ने सोशल मीडिया पर की है।

## मेरे कारण-अर्जुन आ गए : दिव्यांका


**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल ये है मोहब्बतें में ईशी मां का रोल से प्रसिद्ध हुईं दिव्यांका त्रिपाठी शादी के 10 साल बाद मां बन गई हैं। उनकी खुशी डबल हो गई है, क्योंकि उन्होंने जुड़वा बच्चों को जन्म दिया है। दिव्यांका और उनके पति विवेक ने इस खुशखबरी को सोशल मीडिया पर अपने फैंस के साथ शेयर किया है। दिव्यांका जुड़वां बच्चों की मां बन गई हैं। 26 मई को दिव्यांका और विवेक ने इंस्टाग्राम पर दो जुड़वां बेटों की तस्वीर वाला पोस्टर शेयर करके खुशखबरी दी। पोस्टर पर लिखा, 'हमने खुशी मांगी थी, भगवान ने कहा, 'दोगुनी खुशी लो।'जुड़वा बेटों का आशीर्वाद मिला है।' दिव्यांका और विवेक ने आगे लिखा, 'इंतजार आखिरकार खत्म हुआ, हमारे बेटे आ गए हैं और जिंदगी हमारी कल्पना से कहीं ज्यादा खूबसूरत लग रही है। मेरे करण अर्जुन आ गए।'



# पिता की पुण्यतिथि पर भावुक हुए संजय, साझा कीं पुरानी तस्वीरें

मुंबई। अभिनेता संजय दत्त अपने जीवन के उतार-चढ़ाव के बाद अपने परिवार के बेहद करीब रहे हैं। हाल ही में अपने दिवंगत पिता और दिग्गज अभिनेता सुनील दत्त की 21वीं पुण्यतिथि पर संजय ने उनसे जुड़ी यादें ताजा कीं। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने परिवार की कुछ पुरानी तस्वीरें साझा करते हुए पिता को याद किया। संजय दत्त अपने पिता के काफी करीब रहे हैं। एक्टर के हर बुरे वक्त में सुनील दत्त उनके साथ मजबूती से खड़े रहे थे। पिता की पुण्यतिथि के मौके पर संजय ने कुछ पुरानी पारिवारिक तस्वीरें साझा कीं। इसमें से एक में जहां वो बचपन में अपने पिता की गोद में बैठे नजर आए। वहीं, एक अन्य तस्वीर में वो बहनों प्रिया-नम्रता दत्त और पिता के साथ खड़े हैं। ये ब्लैक एंड वाइट फोटोज संजय के जवानी के दिनों की याद दिलाती हैं। संजय दत्त ने इन तस्वीरों के साथ एक भावुक कैप्शन लिखा। एक्टर ने लिखा, 'पापा, मैं आपको हमेशा याद करता रहूंगा और आपसे बहुत प्यार करता हूं। आप मेरे जीवन में हमेशा से एक मजबूत स्तंभ रहे हैं। आपके जैसा पिता पाकर मैं खुद को खुशनसीब महसूस करता हूं।' बता दें, अभिनेता सुनील दत्त का निधन 25 मई 2005 में 75 वर्ष की उम्र में हुआ था। उन्हें नींद में ही दिल का दौरा पड़ा था। उनकी पत्नी यानी संजय की मां नरगिस कई साल पहले ही दुनिया को अलविदा कह चुकी थीं। सुनील दत्त का हिंदी सिनेमा में एक अलग मुकाम रहा है। उन्होंने बॉलीवुड को 'एक ही रास्ता' और 'मदर इंडिया' जैसी सफल फिल्में दी हैं। इसके अलावा 'सुजाता', 'गुमराह', 'हमराज', 'पड़ोसन' और 'हीरा' जैसी फिल्मों में उनकी एक्टिंग के लिए आज भी दर्शक उन्हें याद करते हैं। एक सफल करियर के बाद सुनील आखिरी बार बेटे संजय दत्त के साथ ही पर्दे पर दिखाई दिए थे। उन्होंने 2003 में रिलीज हुई संजय दत्त की फिल्म 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' में उनके पिता का किरदार निभाया था।





# कांतारा विवाद के बाद रणवीर ने किए चामुंडेश्वरी देवी मंदिर के दर्शन

**मुंबई।** धुरंधर स्टार रणवीर सिंह मंगलवार को मैसूर के चामुंडेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंचे। उन्होंने यह कदम धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप लगने के बाद उठाया है। रणवीर सिंह ने यह कदम कांतारा फिल्म में दैव की विवादास्पद मिमिक्री के संबंध में कर्नाटक हाईकोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए उठाया। रणवीर सिंह ने मंदिर का दौरा 'कांतारा' मिमिक्री मामले में कर्नाटक हाईकोर्ट के एक निर्देश के बाद किया है। अप्रैल में रणवीर सिंह ने इस मामले में अदालत में एक हलफनामा जमा किया था और बिना शर्त माफी मांगी थी। इसके बाद अदालत ने उन्हें चार हफ्तों के भीतर चामुंडेश्वरी मंदिर में पूजा करने का आदेश दिया। रणवीर सिंह ने अदालत के आदेश का पालन किया और देवी चामुंडेश्वरी की पूजा की। उनके इस दौरे को काफी हद तक गुप्त रखा गया था। एक्टर को मंगलवार सुबह मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया। उन्होंने मंदिर के गर्भगृह तक पहुंचने तक मास्क पहना हुआ था। बाद में, वे पूजा करने के लिए गर्भगृह में प्रवेश कर गए। यह मामला 30 नवंबर, 2025 को गोवा में आयोजित इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया की एक घटना से जुड़ा है। इस समारोह के दौरान, रणवीर सिंह ने 'कांतारा' के उस 'दैव' दृश्य की नकल की थी, जिसमें फिल्म के निर्देशक और अभिनेता ऋषभ शेट्टी नजर आए थे। रणवीर सिंह का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद कन्नड़ भाषी समुदाय के एक वर्ग की ओर से उन्हें कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा। बाद में, रणवीर सिंह ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए इस आलोचना का जवाब दिया और अपनी इस हरकत के लिए माफी मांगी। उन्होंने लिखा, 'मेरा मकसद फिल्म में ऋषभ के अभिनय को उजागर करना था।



## 95 साल पहले ऐसे हुई पहले गाने की शूटिंग

# ट्रेन के रुकने का इंतजार, रात को शूटिंग, पेड़ों के पीछे दिया संगीत

*नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा में जितना प्यार फिल्मों को मिला है, उतना ही प्यार उन फिल्मों के संगीत से भी किया गया है। अब तो मानो हर फिल्म की रूह उसके संगीत को ही माना जाता है। फिल्मों में अगर संगीत ना हो तो मानो वह फिल्में अधूरी सी लगती हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि भारतीय सिनेमा का पहला गाना कौन सा था? इस गाने की कहानी क्या थी?*



### कैमरे के सामने गाया था लाइव गाना

कुछ आर्काइव रिपोर्ट्स के मुताबिक, उस दौर में बड़े वाद्य यंत्र या फिर कोई खास उपकरण नहीं होते थे। ऐसे में डब्ल्यू. एम. खान ने कैमरे के सामने इस गाने को लाइव गाया था और उनके साथ बजने वाले वाद्य यंत्रों को भी उसी वक्त लाइव बजाया गया था। गाने की रिकॉर्डिंग के दौरान हारमोनियम और एक तबला बजाया गया था। कहा जाता है कि, संगीतकार फिरोजशाह मिस्त्री हारमोनियम और तबला लेकर कैमरे के पीछे, स्टूडियो के एक कोने में छिपकर बैठ गए थे, ताकि वह फ्रेम में न आएं, और उनकी आवाज सीधे माइक्रोफोन में रिकॉर्ड हो सके।

### साल 1931 में आया था पहला गाना

अक्सर लोगों के मन में सवाल आता है कि जिन गानों पर असल में हम झूमते हैं और डांस करते हैं आखिर उन्हीं गानों की सिनेमा में कहानी क्या है? फिल्मों का पहला गाना क्या था, तो इसका जवाब है कि सिनेमा का पहला गाना साल 1931 में आया था। जी हां, भारतीय सिनेमा का पहला गाना है, 'दे दे खुदा के नाम पर प्यारे, ताकत हो गर देने की...'। यह गाना साल 1931 में रिलीज हुई भारत की पहली बोलती फिल्म 'आलम आरा' का है। इसी गाने को सिनेमा का पहला गाना कहा जाता है।

### सिंगर नहीं, एक्टर ने गाया था गाना

इस गाने को किसी पेशेवर सिंगर ने अपनी आवाज नहीं दी थी। उस दौर में 'प्लेबैक सिंगिंग' की तकनीक तब उतनी प्रचलित नहीं थी। इस गाने को फिल्म आलम आरा के ही एक अभिनेता डब्ल्यू. एम. खान (वजीर मोहम्मद खान ने गाया था। फिल्म में उन्होंने एक फकीर का किरदार निभाया था और यह गाना उसी फकीर पर फिल्माया गया था, जिसमें उन्होंने ही इसे आवाज दी और उन्होंने ही इस पर एक्ट भी किया था।

### कोई रिकॉर्ड अब नहीं बचा

इन बीते वर्षों में भारत की पहली बोलती फिल्म का कोई रिकॉर्ड अब नहीं बचा है। आलम आरा फिल्म के प्रिंट्स और इसके गानों के ओरिजिनल साउंड ट्रैक अब खो चुके हैं। महज कुछ ही तस्वीरें और रिकॉड्‌र्स बाकी हैं, जिन्हें संजोकर रखा गया है।

### ज्योति स्टूडियो में की गई थी शूटिंग

जब ये गाना रिकॉर्ड हुआ तो उस दौरान काफी कुछ नया हुआ था। दरअसल 'आलम आरा' फिल्म और इसके गानों की शूटिंग मुंबई के 'ज्योति स्टूडियो' में की गई थी। परेशानी की बात तो यह थी कि ये स्टूडियो रेलवे ट्रैक के पास ही मौजूद था, ऐसे में दिनभर यहां पर ट्रेनों की आवाजाही रहती थी। जब गाने की शूटिंग होती थी तो उस वक्त ट्रेनों का शोर नहीं होता था। उस दौर में सिंगल साउंड सिस्टम से ही रिकॉर्डिंग की जाती थी। ऐसे में हल्का सा भी शोर इसके लिए परेशानी बन जाता, तो जब ट्रेनें रुक जाती थीं तभी गाने की रिकॉर्डिंग की जाती थी। इसलिए गाने और फिल्म की शूटिंग रात के 1 बजे से सुबह 4 बजे के बीच की जाती थी।

## खबर संक्षेप

### नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक बाधित रहेगी बिजली

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के कांटी स्थित 33 केवी सब स्टेशन से जुड़े सभी फीडर आज 27 मई को सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक बंद रहेंगे। जेई भगवान सिंह ने बताया कि सब स्टेशन पर आवश्यक मरम्मत व पेड़ कटाई का कार्य किया जाएगा जिसके चलते विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि यह कार्य सुचारू बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है।

### नारनौल का रात्रि न्यूनतम तापमान 29. 5 डिग्री दर्ज

**नारनौल।** जिले में गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। सोमवार को नारनौल का अधिकतम तापमान 44.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि महेंद्रगढ़ में पारा 43.1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण दिनभर लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। दोपहर के समय सड़कों पर आवाजाही कम दिखाई दी और लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकले। रात के तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। नारनौल का न्यूनतम तापमान 29.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से अधिक रहा। वहीं महेंद्रगढ़ में रात का तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### जिले में जीसीपी मॉडल के तहत 10 गांवों का चयन, एमओयू कर जल्द सौंपा जाएगा पंचायतों को दायित्व

# ग्रामीण पेयजल व्यवस्था पंचायतों को जल्द सौंपेगी हरियाणा सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा सरकार की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल सेवाओं को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और टिकाऊ बनाने के उद्देश्य से ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस पॉलिसी-2026 को सरकारी सामुदायिक भागीदारी (जीसीपी) मॉडल के तहत लागू किया है। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति के संचालन एवं रखरखाव का कार्य पंचायतें करेंगी। जिले में फिलहाल जीसीपी मॉडल के तहत 10 गांवों का चयन किया गया है। जल्द ही इसे जिला के सभी गांवों में लागू किया जाएगा। डीसी अभिषेक मीणा ने मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों और पंचायत सदस्यों के साथ बैठक की। डीसी मीणा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना हरियाणा सरकार की


रेवाड़ी। अधिकारियों की बैठक लेते हुए डीसी। फोटो : हरिभूमि

सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। इसी उद्देश्य से जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग हरियाणा के माध्यम से ग्रामीण विकास को नई दिशा देने और ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए यह पहल की गई है। उन्होंने बताया कि जिला में फिलहाल 10 गांवों में पेयजल आपूर्ति के संचालन एवं रखरखाव नीति-2026 को लागू किया गया है। जल्द ही जिले के सभी गांवों में पंचायतें पेयजल आपूर्ति, रखरखाव, नए कनेक्शन देना और बिल भुगतान तक के कार्य देखेंगी। इसके लिए ग्राम स्तर पर ग्राम जल सीवरेज समिति का गठन किया गया है। इस कमेटी का चेयरमैन सरपंच है । 16 सदस्यों की कमेटी में 8 महिलाएं व 8 पुरुष शामिल है। इसमें जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के कनिष्ठ अभियंता, पंच, सेवानिवृत शिक्षक, स्वयं सहायता समूह सदस्य, आंगनबाड़ी, आशा वर्कर, सामाजिक कार्यकर्ता व पंचायती राज के कनिष्ठ अभियंता शामिल है। ग्राम सचिव इस समिति के संयोजक है। इस नीति को गांव में लागू करने के लिए विभाग और पंचायत की बीच एमओयू किया जाएगा तथा ग्राम सभा कर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करवाने उपरांत पंचायत को दायित्व सौंपा जाएगा।जिले के इन गांवों किया शामिल जिले के गांव लुहाना, जुड्डी, बोड़िया कमालपुर, अहरोद, नांगल जमालपुर, कोलाना, नांधा, बासदुधा, गुमीना व डवाना में पेयजल आपूर्ति के संचालन एवं रखरखाव नीति-2026 का संचालन किया जाएगा।

#### ये रहे मौजूद

बैठक में एडीसी राहुल मोदी, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी अंकित चौहान, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता विनय प्रकाश चौहान, अशोक कुमार यादव, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के उपमंडल अभियंता जयप्रकाश, इंद्रजीत यादव, गजराज यादव, विनोद बागड़ी, अनिल कुमार, कनिष्ठ अभियंता स्वतंत्र कुमार, दीपांशु, आबिद, दलबीर, प्रवीण कुमार, विभाग के जिला सलाहकार योगेंद्र परमार, खंड संयोजक अनिल, विनोद, मनोज, संदीप, साहिल, राहुल व पंकज सहित पंचायती राज विभाग के उपमंडल अभियंता, कनिष्ठ अभियंता, विभिन्न गांवों के सरपंच एवं ग्राम सचिव उपस्थित थे।

### डीसी ने जिले में सफाई व्यवस्था को लेकर की समीक्षा

## जिले में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के नए नियम प्रभावी ढंग से हो लागू करें अधिकारीः डीसी


रेवाड़ी। अधिकारियों की बैठक लेते हुए डीसी अभिषेक मीणा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने शहरी निकाय और पंचायत विभाग के अधिकारियों को सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों तथा नए नियमों की पालना करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए पुख्ता व्यवस्था की जाए। इसके अलावा जिले में बल्क वेस्ट जनरेटर संस्थानों की पहचान करें और उनको वेस्ट सेग्रीगेशन के नए नियमों के बारे में भी जानकारी दें। साथ ही आमजन को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। डीसी मंगलवार को सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के नए नियमों की शत प्रतिशत पालना कराने को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने वेस्ट सेग्रीगेशन के नए नियमों के बारे में बताया कि कचरे को चार श्रेणियों में अलग किया जाएगा, जिसमें सूखा कचरा, गीला कचरा, सेनेटरी वेस्ट और स्पेशल केयर वेस्ट शामिल है।

#### वेस्ट प्रोसेसिंग सुनिश्चित करें

डीसी ने कहा कि अधिकारी शत प्रतिशत वेस्ट प्रोसेसिंग सुनिश्चित करें। पुराने डंप साइट और लेगेसी वेस्ट के निस्तारण को भी प्राथमिकता से निपटाएं। जिले में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर समय-समय पर मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने बाजारों और व्यावसायिक क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण करने तथा उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि स्वच्छता केवल प्रशासनिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्व भी है। आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए स्कूलों, बाजारों व संस्थानों सहित सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता गतिविधियों कराई जाएं।

## श्रीमद देवी भागवत कथा का समापन श्रद्धालुओं ने मांगी क्षेत्र की सुख-समृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

कोसली की शिव कॉलोनी स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में श्री दुर्गा शक्ति महिला मंडल एवं कमेटी के तत्वावधान में चल रही साप्ताहिक श्रीमद देवी भागवत कथा का मंगलवार को समापन हो गया। कथा में उज्जैन से आचार्य पंडित हितेंद्र शास्त्री ने श्रद्धालुओं को देवी महिमा, धर्म, भक्ति तथा आध्यात्मिक जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया। इस अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने हवन में आहुति डालकर परिवार एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर कमेटी से अशोक यादव, सरपंच प्रतिनिधि विजय पूनिया, राजपाल कलवाड़ी, कपूर बंसल, सुरेंद्र तनेजा, चक्षु नारंग, ललित बंसल, हरीश तनेजा, दयाकिशन सरोला, श्याम गौतम, हुक्मचंद शर्मा, भूप सिंह यादव, सतीश गर्ग, संदीप गर्ग व महिपाल यादव सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।


रेवाड़ी। कथा के समापन पर हवन में भाग लेते श्रद्धालु।

## एसो. ने सामाजिक सरोकार के साथ दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश


रेवाड़ी। भीषण गर्मी के बीच शहर के बीएमजी मॉल पास स्थित न्यू बालाजी मार्केट में मंगलवार को मीठे जल की छबील लगाकर लोगों को पानी पिलाया गया। मार्केट एसोसिएशन के व्यापारियों ने छबील लगाकर जहां सामाजिक सरोकार के तहत अपना दायित्व निभाया, वहीं पर्यावरण के प्रति जागरूकता का भी संदेश दिया। छबील के लिए प्लास्टिक की बजाय कागज के गिलासों का प्रयोग किया, वहीं समापन पर सड़क पर फैले वेस्ट गिलासों को एकत्रित कर कूड़ादान में डाला। इस मौके पर हरि सिंह सैनी, संजय चांदना, सुभाष सैनी, एडवोकेट पवनदीप सैनी, प्रिंस चांदना, नितेश भारद्वाज, रचित रुस्तगी, अश्विनी मुटरेजा, विक्की सिंगला, संजीव आर्य, राजेश अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, दयाराम सैनी व लाजपत सैनी ने कहा कि धार्मिक कार्य के साथ-साथ पर्यावरण के प्रति जागरूक करना जरूरी है ताकि सड़कों पर गंदगी ने फैले।

## किसानों को कपास फसल में लगने वाले कीट व बीमारियों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खोरी

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के क्षेत्रीय केंद्रीय एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन केंद्र की वैज्ञानिक टीम की ओर से मंगलवार को गांव गोठड़ा अहीर में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर किसानों को बीजोपचार के उदेश्य व लाभ की जानकारी दी गई। उन्होंने फसलों की बुआई से पहले बीजोपचार की विधि से भी अवगत कराया।

किसानों को कीटनाशकों के सुरक्षित एवं विवेकपूर्ण उपयोग के बारे में भी बताया गया। उन्होंने कपास की फसल में लगने वाले कीट व बीमारियों की जानकारी दी। कृषि वैज्ञानिकों ने बताया कि किसान नियमित रूप से फसल की निगरानी करें तथा फसल बुआई से 40-45 दिन बाद ट्रैप लगाए। उन्होंने बताया कि भारत सरकार की ओर से बनाई गई मोबाइल ऐप राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली से किसान खेत पर ही फसल के कीट एवं बीमारियों की जानकारी व निदान ले सकते है। उन्होंने किसानों के माबाइल में ऐप को डाउनलोड भी कराया। इस अवसर पर किसानों को बीजोपचार के लिए ट्राईकोडर्मा वीरदी फफूंदनाशक भी वितरित किया गया। कार्यक्रम में डा. लख्मी चंद वैज्ञानिक सहायक, रूबी वर्मा वैज्ञानिक सहायक, आस्था हुड्डा ताकनीकी सहायक और राज्य कृषि विभाग से डा. मनोज कुमार बीएओ उपस्थित थे।


रेवाड़ी। किसानों को जानकारी देते हुए कृषि वैज्ञानिक। फोटो : हरिभूमि

## थनवास में तीन बोरवेलों में आठ साल से बिजली कनेक्शन नहीं

- गांव की आबादी व पेयजल खपत के अनुसार नहीं हुआ वाटर टैंकों का निर्माण
- रातभर कतार में खड़ी होने को मजबूर हैं महिलाएं, प्रशासन बना अनजान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

थनवास गांव में बीते एक महीने से पेयजल संकट बना हुआ है। परेशान ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों को समस्या से अवगत करवा दिया, बावजूद स्थिति यथावत है। जिस कारण महिलाओं को सार्वजनिक टंकियों पर रातभर कतार में खड़ी होकर पेयजल का प्रबंध करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने विभाग को तीन दिन में पेयजल सप्लाई बहाल करने का अल्टीमेटम दिया है। इसके बाद खंड मुखियालय पर धरने प्रदर्शन की रूपरेखा बनाई जाएगी।

बिक्रम मास्टर, जगमाल रावत, मातादीन रावत, रामोतार रावत, संजय चौकीदार, हनुमान जसाईवाल, हनुमान, रविदत्त ने बताया कि थनवास गांव में 10 हजार से अधिक आबादी है, ग्रामीणों की सुविधा के लिए विभाग ने पांच बोरवेल लगाए हैं। जलस्रोत सूखने के कारण एक बोरवेल से मात्र 20 मिनट तथा दूसरे से दो घंटे की सप्लाई संभव हो पाती है। इसके बाद पंचायत के प्रस्ताव पर विभाग ने आठ साल पहले लगवाए थे, जिनमें पर्याप्त जलस्रोत हैं, लेकिन तीनों में से एक भी बोरवेल पर बिजली कनेक्शन उपलब्ध नहीं हुआ है।

इतना ही नहीं पब्लिक हेल्थ विभाग ने गांवों में कैनाल बेस्ड पेयजल सप्लाई के लिए वाटर टैंकों का निर्माण कराया था। लेकिन उस दौरान टैंक की क्षमता आबादी के अनुसार निर्धारित नहीं की, केवल दो घंटे तक आपूर्ति का पानी स्टॉक संभव हो पाता है। अब तापमान बढ़ते ही गांव में पेयजल की खपत करीब तीन गुणा बढ़ गई, लेकिन आपूर्ति में 30 फीसदी कमी हुई है।


नांगल चौधरी। पेयजल के इंतजार में सुबह पांच बजे सार्वजनिक टंकी पर एकत्रित महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

## नियामतपुर की पहाड़ियों में अवैध खनन कर पत्थर से भरी तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियां पकड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

- जिला पुलिस और माइनिंग विभाग की संयुक्त कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक दीपक के कुशल निर्देशन में जिला पुलिस द्वारा अवैध खनन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में बीती रात थाना नांगल चौधरी की पुलिस टीम और माइनिंग विभाग की टीम ने एक बड़ी संयुक्त कार्रवाई को अंजाम दिया है। रात्रि गश्त के दौरान मुस्तैद संयुक्त टीम ने पूरी सतर्कता दिखाते हुए गांव नियामतपुर की पहाड़ियों में छापेमारी की, जहां रात के अंधेरे में अवैध माइनिंग कर ट्रैक्टर–ट्रॉलियों में पत्थर भरा हुआ था। इस कार्रवाई के दौरान टीम ने मौके से अवैध खनन कर पत्थरों से भरी तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को पकड़ा। माइनिंग विभाग द्वारा नियमों का उल्लंघन करने और अवैध खनन कर अवैध परिवहन में संलिप्त पाए जाने पर इन तीनों वाहनों को तुरंत प्रभाव से मौके पर ही सीज कर दिया गया है।


नारनौल। पकड़े गए ट्रैक्टर–ट्राली। फोटो : हरिभूमि

जिला पुलिस अवैध खनन के साथ-साथ इसके अवैध परिवहन को रोकने के लिए काम कर रही है। इसी माह के भीतर जिला पुलिस द्वारा अब तक अवैध माइनिंग और सामग्री के अवैध परिवहन में लिप्त कुल सात ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को पकड़ा जा चुका है।

### डीसी के आदेश पर शुरू 'हैप्पी कार्ड' का वितरण

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा सरकार की महत्वाकांक्षी हैप्पी कार्ड योजना के क्रियान्वयन को लेकर महेंद्रगढ़ क्षेत्र के लाभार्थियों के लिए एक बड़ी और राहत भरी खबर सामने आई है। प्रशासनिक दूरदर्शिता और सामाजिक संगठनों के साझा प्रयासों के चलते अब स्थानीय लोगों को अपना हैप्पी कार्ड लेने के लिए 65 किलोमीटर दूर नारनौल नहीं जाना पड़ेगा। अब इन कार्डों का वितरण स्थानीय महेंद्रगढ़ बस स्टैंड पर ही शुरू कर दिया गया है। महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के 104 गांवों के लगभग 7000 नए हैप्पी कार्ड बनकर रोडवेज विभाग के पास पहुंचे थे। लेकिन प्रशासन द्वारा इनका वितरण केंद्र 65 किलोमीटर दूर नारनौल को बनाए जाने के कारण लाभार्थियों में भारी रोष व्याप्त था।

### आईजीयू मीरपुर में पोक्सो एक्ट पर लगाया स्पेशल कैंप

# पोक्सो एक्ट के तहत पीड़ित बच्चे की पहचान उजागर करना कानूनी अपराधः डॉ. सोलखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मीरपुर

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डा. रेनू सोलखे के मार्गदर्शन में मंगलवार को आईजीयू में हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रोजेक्ट लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के अंतर्गत पोक्सो एक्ट पर स्पेशल कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीजेएम डा. सोलखे ने बताया कि पोक्सो एक्ट 2012 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को यौन शोषण, उत्पीड़न और अश्लीलता से बचाने के लिए है। यह कानून लिंग तटस्थ है, यह लड़के और लड़की दोनों को समान रूप से सुरक्षा प्रदान करता है। इस एक्ट के तहत पीड़ति बच्चे की पहचान मीडिया या सार्वजनिक रूप से करना कानूनी अपराध है। 18 साल से कम उम्र के बच्चे के साथ किसी भी प्रकार का यौन संबंध, सहमति होने पर भी अपराध माना जाता है। अपराध की गंभीरता के अनुसार न्यूनतम 3 साल से लेकर आजीवन कारावास और मृत्युदंड तक का प्रावधान है। कानून में प्रावधान है कि दोषी से जुर्माना वसूल कर पीड़ित बच्चे के इलाज और पुनर्वास के लिए मुआवजा दिया जाता है। हरीश कुमार शर्मा चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम ने बताया कि पोक्सो के तहत दर्ज मामलों में आरोपी को आसानी से जमानत नहीं मिलती है और पीड़ित बच्चे को न्याय दिलाने के लिए विशेष अदालतों का गठन किया गया है। मामले की सुनवाई बंद कमरे में होती है। यदि किसी बच्चे के साथ यौन अपराध होता है या इसकी जानकारी किसी को मिलती है, तो पुलिस को सूचित करना हर नागरिक की कानूनी जिम्मेदारी है जानकारी छिपाने वाले व्यक्ति को भी सजा देने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से हेल्पलाइन नंबर 01274-220062 चलाया हुआ है जिस पर आमजन किसी भी प्रकार के कानूनी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।


रेवाड़ी। आईजीयू में आयोजित कैंप में जानकारी देते हुए सीजेएम डॉ. सोलखे। फोटो : हरिभूमि

## कैंटर की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत, एक की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर मंगलवार दोपहर आसलवास के पास कैंटर की चपेट में आकर बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। कैंटर चालक हादसे के बाद फरार हो गया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

राजगढ़ निवासी रोहित, प्रवीन व मनोज बाइक लेकर किसी काम से जा रहे थे। आसलवास के पास एक तेज रफ्तार कैंटर ने बाइक को टक्कर मार दी।

इस हादसे में रोहित और प्रवीन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मनोज गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने के बाद कसोला पुलिस मौके पर पहुंच गई। कैंटर चालक पुलिस के पहुंचने से पहले ही फरार हो गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। कैंटर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। वहीं गांव के दो युवकों की मौत के बाद राजगढ़ गांव में शोक की लहर दौड़ गई।


रेवाड़ी। घटनास्थल पर पड़ी दुर्घटना का शिकार हुई बाइक। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप



### कंडेक्टर ने पिता की स्मृति में लगवाया वाटर कूलर

**रेवाड़ी।** सामाजिक सरोकार के तहत प्रवीण परिचालक ने अपने पिता स्व. जगदीश प्रसाद की स्मृति में रोडवेज वर्कशॉप में वाटर कूलर स्थापित कराया। इस कार्य से भीषण गर्मी के मौसम में कर्मचारियों, यात्रियों और आमजन को ठंडा पेयजल उपलब्ध होगा। वाटर कूलर का शुभारंभ जीएम रोडवेज निरंजन कुमार ने किया। इस अवसर पर जीएम ने कहा कि समाजहित में किए गए ऐसे कार्य दूसरों के लिए प्रेरणा बनते हैं। उन्होंने प्रवीण और उनके परिवार की सराहना की। उन्होंने कहा कि इससे वर्कशॉप में के कर्मचारियों एवं लोगों को बड़ी सुविधा मिलेगी। प्रवीण परिचालक ने बताया कि उनके पिता हमेशा सेवा और मानवता के कार्यों के लिए प्रेरित करते थे।

### कोर्ट से घोषित दो पीओ भेजे गए जेल

**रेवाड़ी।** पुलिस ने कोर्ट से घोषित किए गए दो पीओ को गिरफ्तार किया है। कोर्ट में चल रहे मामले में कुतुबपुर निवासी संदीप को पीओ घोषित किया गया था। उसके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश दिए गए थे। रामपुरा थाना पुलिस ने गत 14 मई को केस दर्ज किया था। आरोपी संदीप को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर लिसाना निवासी संदीप को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

### अग्निवीर भर्ती के परिणाम घोषित

**रेवाड़ी।** अग्निवीर जीडी, टेक्निकल, ट्रेड मैन 10 और ट्रेड मैन 8 भर्ती 2025-26 के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। सेना भर्ती कार्यालय चरखी दादरी के निदेशक कर्नल के संदीप ने बताया की अग्निपथ योजना के अंतर्गत अग्निवीर रैली जनवरी-फरवरी में भिवानी के भीम स्टेडियम में हुई थी, जिसमें चरखी दादरी, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी और भिवानी जिलों के उम्मीदवारों ने भाग लिया था। उम्मीदवार अपना परिणाम ज्वाइनइंडियनआर्मी.एनआईसी.इन पर देख सकते हैं। उन्होंने कहा कि महेंद्रगढ़ और चरखी दादरी के सभी सफल उम्मीदवार 27 मई 2026 व भिवानी और रेवाड़ी के उम्मीदवार 28 मई को सुबह 5:30 बजे सभी मूल दस्तावेजों के साथ सेना भर्ती कार्यालय चरखी दादरी में रिपोर्ट करें।

## राव समर्थक का ही वाइस चेयरमैन बनना लगभग तय

# शहर की सरकार का शपथ ग्रहण 1 को इसके बाद शुरू होगी वीसी के लिए जंग



**नरेन्द्र वत्स ▸▸| रेवाड़ी**

गत 13 मई को नगर परिषद चुनावों के परिणाम घोषित होने के बाद नवनिर्वाचित चेयरमैन और पार्षदों को 1 जून को शपथ दिलाई जाएगी। शपथ ग्रहण समारोह में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के प्रमुख रूप से शामिल होने की संभावना है। इसके तुरंत बाद वाइस चेयरमैन को लेकर जंग शुरू हो जाएगी। इस बार भी वाइस चेयरमैन का पद उसे ही मिलेगा, जिसके सिर पर राव का हाथ होगा। वाइस चेयरमैन पद को लेकर अलग-अलग जातियों के पार्षद राव से उम्मीद लगाए बैठे हैं, जिस कारण कई पार्षद पहले ही 'राव दरबार' ओर रुख कर चुके हैं।

नगर परिषद चेयरमैन का पद एससी महिला के लिए आरक्षित होने के कारण राव इंद्रजीत सिंह ने विनीता पीपल को टिकट दिलाई थी। विनीता पीपल को जिताने के लिए राव के खास समर्थक सुनील मुसेपुर ने ग्राउंड लेवल पर दमदार तरीके से भूमिका निभाई थी। भाजपा में भीतरघात की आशंका के बावजूद विनीता मतों के बड़े अंतर से कांग्रेस प्रत्याशी नेहारिका को हराने में कामयाब रही थीं। भाजपा को संगठित करने में जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली की रणनीति भी सफलतापूर्वक सिरे चढ़ी, जिस कारण पार्टी को शहर में कमल खिलाने में आसानी रही। 10 दिन से भी ज्यादा समय बीत जाने के बाद नवनिर्वाचितों को शपथ दिलाने के लिए अधिसूचना जारी हुई है। ऐसा माना जा रहा है कि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की ओर से टाइम दिए जाने के बाद ही शपथ ग्रहण का समय फाइनल हुआ है। शपथ ग्रहण समारोह में भी राव और उनके समर्थकों की मौजूदगी ज्यादा नजर आएगी। शपथ ग्रहण के साथ ही शहर को नई सरकार मिल जाएगी, जो अटके पड़े विकासकार्यों को सिरे चढ़वाने की दिशा में कार्य करेगी। इसके बाद धारूहेड़ा नगर पालिका प्रधान अजय जांगड़ा और पार्षदों को शपथ दिलाने का कार्यक्रम भी जल्द फाइनल हो सकता है।

### पार्षदों का बहुमत भी राव के साथ

नगर परिषद के सभी 32 वार्डों में भाजपा ने पार्षद का चुनाव सिंबल पर लड़वाया था। इनमें से भाजपा के 12 पार्षद चुनकर आए हैं। एक पार्षद कांग्रेस से चुना गया है। 19 निर्दलीय पार्षदों में से 10 मतगणना के तुरंत बाद राव के निवास पर पहुंचकर भाजपा में शामिल हो गए थे, जिस कारण अब वाइस चेयरमैन चुनने की कमान भी राव के हाथों में सुरक्षित है। इस पद के लिए लॉबिंग मतगणना के बाद से ही शुरू हो चुकी थी। देखना यह होगा कि राव भाजपा के सिंबल पर जीत हासिल करने वाले को मौका देते हैं या फिर अपने हाथों पटका पहनने वाले निर्दलीय को।

### जातिगत समीकरण साधना जरूरी

चेयरमैन एससी महिला होने के कारण इस बार वाइस चेयरमैन पिछली बार की तरह ही सामान्य वर्ग का पुरुष हो सकता है। मौजूदा पार्षदों में निहाल सिंह सर्वाधिक जीतने वाले राव के खास समर्थकों में शुमार सीनियर पार्षद हैं, जिस कारण उनकी चेयरमैन पद के लिए मजबूत दावेदारी मानी जा रही है। राव से सैनी समाज, पंजाबी, ब्राह्मण व बनिया समाज भी इस पद के लिए उम्मीद लगाए बैठा है। रेलवे लाइन पार से चुनकर आए पार्षद भी इस पद पर नजर टिकाए बैठे हैं। ऐसे में राव के लिए किसी एक पर सर्वसम्मति बनाना आसान नहीं होगा। शपथ के तुरंत बाद इस कवायद को अंजाम तक पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू हो सकती है।



राव इन्द्रजीत सिंह।



विनीता पीपल।



निहाल सिंह।



इतेंद्र यादव

## पैरा शूटिंग खिलाड़ी सृष्टि का वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में चयन



**रेवाड़ी।** शूटिंग अकादमी की पैरा शूटर सृष्टि अरोड़ा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश और प्रदेश का नाम रोशन किया है। सृष्टि का चयन आगामी वर्ल्ड चैंपियनशिप, फिफ्थ एशियन पैरा गेम्स एवं नोविस्टार वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम में चयन हुआ है। उनका चयन आर्मी मार्क्समैनशिप यूनिट, महू मध्य प्रदेश में आयोजित नेशनल पैरा शूटिंग सिलेक्शन ट्रायल-1 एवं 2 में बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर हुआ। कोच विजय कुमार ने बताया कि सृष्टि अरोड़ा और निशा कवर ने इन ट्रायल्स में शानदार प्रदर्शन किया। सृष्टि अरोड़ा ने अपने दमदार खेल के आधार पर ऑल इंडिया रैंकिंग में नंबर-1 स्थान हासिल किया और अब वह आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। विजय कुमार आईएसएसएफ एवं आईएसएसएफ पैरा कोच हैं, जोकि अंतरराष्ट्रीय स्तर के कोच के रूप में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। अकादमी में अब तक 3 इंटरनेशनल मेडलिस्ट, 5 नेशनल मेडलिस्ट तथा 7 स्टेट मेडलिस्ट खिलाड़ी तैयार हो चुके हैं, जिन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निशा कवर ने भी पिछले एशियन गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व किया था और शानदार प्रदर्शन करते हुए 10वीं रैंक हासिल की थी। कोच ने कहा कि खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और लगातार अभ्यास ही उनकी सफलता का सबसे बड़ा कारण है। वर्तमान में सृष्टि अरोड़ा दिल्ली स्थित डा. कर्ण सिंह शूटिंग रेंज में प्रशिक्षण ले रही हैं और वह भारतीय खेल प्राधिकरण की स्कीम में चयनित हैं। सृष्टि ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच, माता-पिता और फिजियो को दिया है।

### सीहा में संत सम्मेलन मेला व भंडारा 4 जून को

**मूंदी।** क्षेत्र के गांव सीहा के बाबा रामस्वरूप महाराज आश्रम के ब्रह्मलीन महंत भगवानदास महाराज तथा महंत प्रेमदास महाराज की पावन स्मृति में आगामी 4 जून को संत सम्मेलन, मेले एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। वार्षिक सम्मेलन में प्रतिवर्ष दूरदराज से बड़ी संख्या में संत महात्माओं के अलावा श्रद्धालु भाग लेते हैं। आयोजन समिति से सीहा स्कूल के प्राचार्य सत्यवीर नाहड़िया ने कहा कि बाबा रामस्वरूप महाराज आश्रम की सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचने में महंत भगवानदास महाराज तथा महंत प्रेमदास महाराज के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। आश्रम के वर्तमान महंत नरोत्तम दास महाराज की अगुवाई तथा धर्मदास महाराज व देवदास महाराज के संयोजन में वार्षिक उत्सव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## दिनभर घर पर खड़ा रहा वाहन पुलिस ने पहुंचा दिया चालान

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी**

यह हरियाणा पुलिस की ऑनलाइन चालान प्रणाली है। इसमें चालान के लिए ट्रैफिक नियमों की उल्लंघना करना ही जरूरी नहीं है। पुलिस घर में खड़े वाहन का चालान भी कर सकती है। मोबाइल फोन पर मैसेज आने के बाद वाहन मालिक को पता चलता है कि चालान के लिए सड़क पर वाहन लेना जरूरी नहीं होता।गांव खरखड़ा निवासी अमित के साथ ऐसा ही हो गया। उसके पास पिकअप गाड़ी है। अमित का दावा है कि 25 मई को उसकी पिकअप गाड़ी दिन भर उसके घर पर खड़ी रही। बावल पुलिस की ओर से उसकी गाड़ी का चालान करने के बाद 11 हजार जुर्माना भुगतान करने का मैसेज उसके मोबाइल फोन पर आ गया।

चालान में जुर्माना और चालान की तारीख देखकर उसका माथा ठनक गया। बिना कसूर हजारों रुपये का जुर्माना किए जाने के बाद अमित ने अब एसपी से गुहार लगाते हुए उसका चालान कैंसिल कराने की मांग की है।

### किसी अन्य गाड़ी की लगाई फोटो

अमित ने एसपी को प्रेषित शिकायत में दावा किया है कि चालान पर जिस गाड़ी की फोटो लगाई गई है, वह उसकी है ही नहीं। उसके पास गाड़ी के सभी वैध दस्तावेज मौजूद हैं। जिस तारीख को चालान किया गया है, उस दिन उसकी गाड़ी घर से बाहर ही नहीं निकली। उसने एसपी से चालान कैंसिल कराने और लापरवाह पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### शिकायत के दस्तावेज

अमित ने एसपी को प्रेषित शिकायत के साथ गाड़ी के सभी दस्तावेज संलग्न करते हुए दावा किया है कि उसकी गाड़ी का चालान ऑनलाइन प्रणाली की खामियों का नतीजा है। अगर इसी तरह से बेकसूर लोगों की गाड़ियों के चालान किए जाते हैं, तो सिस्टम से वाहन चालकों का भरोसा उठ जाएगा।

## खबर संक्षेप

### एकादशी पर अनाजमंडी में श्री श्याम बाबा का संकीर्तन आज



**रेवाड़ी।** नई अनाज मंडी स्थित शिव मंदिर में श्री श्याम श्रृंगार सेवा ग्रुप की ओर से एकादशी के अवसर पर 27 मई को 129वें मासिक श्याम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। संकीर्तन का समय शाम 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक रहेगा। श्री श्याम श्रृंगार सेवा ग्रुप से विजय अग्रवाल व रवि भट्ठेवाले ने बताया कि संकीर्तन में जयपुर से भजन गायक अमित नामा व गोकलगढ़ रेवाड़ी से संजय शर्मा अपने मधुर भजनों से बाबा श्याम की महिमा का गुणगान करेंगे। 28 मई को द्वादशी के अवसर पर शिव मंदिर में सुबह 11 बजे से भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

### माउंट पिको दे ओरिजाबा पर तिरंगा फहराएंगे पर्वतारोही नरेंद्र



**कोसली।** गांव नेहरूगढ़ के युवा पर्वतारोही नरेंद्र सिंह यादव उत्तरी अमेरिका की सर्वोच्च ज्वालामुखीय चोटी 'माउंट पिको दे ओरिजाबा' पर अंतरराष्ट्रीय अभियान में भाग लेंगे। भारत की पर्वतारोहण संस्था एनएसवाई आउटडोर के तत्वावधान में नरेंद्र सिंह अपने महत्वाकांक्षी वोल्कैनिक समिट्स प्रोजेक्ट के अंतर्गत विश्व के प्रमुख ज्वालामुखीय पर्वतों पर देश का तिरंगा फहराने की शुरूआत करेंगे। मेक्सिको में स्थित माउंट पिको दे ओरिजाबा उत्तरी अमेरिका की सबसे ऊंची ज्वालामुखीय चोटी है। लगभग 18,491 फीट ऊंची यह चोटी अपने खतरनाक ग्लेशियर मार्ग, अत्यधिक ठंड, तेज बर्फीली हवाओं और कठिन तकनीकी चढ़ाई के लिए प्रसिद्ध है। इस पर्वत पर तापमान कई बार शून्य से 20 डिग्री सेल्सियस नीचे तक पहुंच जाता है, जहां शरीर का सामान्य संतुलन बनाए रखना भी एक बड़ी चुनौती होती है। नरेंद्र ने बताया कि वे भारत से मेक्सिको के लिए रवाना हो रहे हैं। सात दिन तक चलने वाले अभियान में विश्व के विभिन्न देशों के अनुभवी पर्वतारोही भाग लेंगे।

### क्षेत्र की सबसे वृद्ध 110 वर्षीय लाडो देवी का निधन



**रेवाड़ी।** शहर के सेक्टर-1 रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के पूर्व उपप्रधान व जिले के गांव ततारपुर इस्तमुरार के पूर्व सरपंच हनुमत राव की मां लाडो देवी का निधन हो गया। 110 वर्षीय लाडो देवी गांव व क्षेत्र की सबसे वृद्ध महिला थीं। एसोसिएशन के पूर्व महासचिव एवं साहित्यकार सत्यवीर नाहड़िया ने बताया कि परिवार के अनुसार वे अपने भरे-पूरे परिवार की छह-सात पीढ़ियों की अनमोल स्मृतियों को सहेजे इस दुनिया से विदा हुई। उनके छह पुत्रों में से तीन पुत्र पहले ही स्वर्ग सिधार चुके हैं।



### पुलिस ने बाहरी लोगों की पहचान के लिए चलाया सर्च अभियान, पहचान पत्र जांचे

**रेवाड़ी।** मंगलवार को जिला पुलिस की ओर से थाना बावल व कसोला क्षेत्र में स्थित झुग्गी-झोपड़ियों व अन्य स्थानों पर सर्च अभियान चलाकर अवैध तरीके से रहने वाले बांग्लादेशी, विदेशी नागरिकों, रोहिंग्या व संदिग्ध लोगों की जांच की गई। इस दौरान पुलिस टीम ने बाहरी श्रमिकों की भी जानकारी ली तथा उनके पहचान पत्र व वाहनों के कागजातों की जांच की। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि जिले में अनाधिकृत रूप से किसी को भी रहने की छूट नहीं है। जिला पुलिस ने बाहरी लोगों की पहचान के लिए विशेष अभियान चलाया हुआ है और यह अभियान आगे भी इस तरह का लगातार जारी रहेगा। उन्होंने जिला वासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी अपने पास काम करने वाले या किराए पर रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति की पुलिस वेरिफिकेशन जरूर करा लें, कोई भी व्यक्ति अपराधी हो सकता है। अगर भविष्य में कोई व्यक्ति ऐसा नहीं करता तो उसके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### जलियावास का प्राथमिक स्कूल अपग्रेड, कोड अपडेट करने के लिए मांगी जानकारी

**बावल।** शिक्षा विभाग की ओर से जलियावास के राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक स्कूल को माध्यमिक स्तर तक अपग्रेड करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस संबंध में मौलिक शिक्षा निदेशालय पंचकूला की ओर से जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को पत्र जारी किया गया है। पत्र के अनुसार अब विद्यालय को राजकीय मॉडल संस्कृति माध्यमिक विद्यालय, जलियावास के नाम से वन स्कूल पोर्टल पर अपडेट किया जाएगा। निदेशालय ने संबंधित स्कूल का डीडीओ यूजर कोड, सैलरी कोड और यू-डायस कोड सहित सभी आवश्यक जानकारी शीघ्र भेजने के निर्देश दिए हैं।



**रेवाड़ी।** एसडीएम बावल से मिलते हजरस के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### हजरस ने पदोन्नति में आरक्षण बहाल करने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

- सरकार से सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की

**बावल।** हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ हजरस की ओर से मंगलवार को प्रदेश में अनुसूचित जाति वर्ग के कर्मचारियों को पदोन्नति में आरक्षण का लाभ बहाल करने की मांग उठाई। संघ के पदाधिकारियों ने मांग को लेकर बावल एसडीएम संजीव कुमार को ज्ञापन सौंपकर सरकार से सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की। संघ के प्रदेश अध्यक्ष डा. विपिन खत्री व राज्य महासचिव विनोद सांगवान सहित अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग के कर्मचारियों को लंबे समय से पदोन्नति में आरक्षण का लाभ नहीं मिल रहा है, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से आरक्षण नीति को प्रभावी ढंग से लागू किया जाना चाहिए, ताकि पात्र कर्मचारियों को उनका अधिकार मिल सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग सहित विभिन्न विभागों में अनुसूचित जाति वर्ग के अनेक पद रिक्त पड़े हैं। यदि पदोन्नति में आरक्षण लागू किया जाता है तो इससे कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा और प्रशासनिक व्यवस्था भी मजबूत होगी। संघ पदाधिकारियों ने सरकार से सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप जल्द से जल्द पदोन्नति में आरक्षण लागू करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन प्रदेशभर में आंदोलन शुरू करने को मजबूर होगा।

## रोडवेज कार्यशाला का नामकरण कोसली की जगह भाकली करने पर रोष

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोसली**



कोसली के ग्रामीणों ने रोडवेज बस स्टैंड कोसली की अधिग्रहित जमीन पर बनाई गई रोड़वेज कार्यशाला का नामकरण भाकली गांव के नाम से करने पर विरोध जताया है। ग्रामीणों ने पंचायत घर से उपमंडल अधिकारी कार्यालय पहुंचकर एसडीएम विजय कुमार यादव के माध्यम से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने कहा कि 7 मार्च 2024 को एडीसी कार्यालय में आयोजित उद्घाटन एवं शिलान्यास कार्यक्रम में पूर्व परिवहन मंत्री हरियाणा मूलचंद शर्मा, पूर्व लोकसभा सांसद रोहतक डा. अरविंद कुमार शर्मा तथा कोसली के पूर्व विधायक लक्ष्मण सिंह की उपस्थिति में हरियाणा के तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने रोडवेज वर्कशाप बस स्टैंड कोसली के नाम से दर्ज परियोजना का लोकार्पण भाकली गांव के नाम से कर दिया था, जिसको लेकर संघर्ष समिति व ग्रामवासी 2 अप्रैल 2024 को पूर्व मुख्यमंत्री मिले थे और उन्होंने आश्वासन दिया गया था कि इस समस्या का समाधान शीघ्र किया जाएगा, लेकिन अब रोडवेज कार्यशाला पर शहीद सत्यप्रकाश कार्यशाला भाकली अंकित कर दिया गया है, जिससे क्षेत्र के लोगों में भारी रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड व वर्कशाप के एक सामूहिक जमीन के टुकड़े का अधिग्रहण और मुआवजा वितरण कोसली के नाम से किया गया था। कार्यशाला के लिए प्रोजेक्ट अलाटमेंट पत्र, बजट सैंक्शन पत्र तथा टेंडर अलाटमेंट पेपर्स में सभी जगह कोसली के नाम है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी कोसली उप-मण्डल के नाम से स्वीकृत परियोजनाओं का उद्घाटन और लोकार्पण गलत ढंग से भाकली के नाम से कर दिया गया था। बाद में कोसली गांव और आसपास के 21 गांवों के कोसलिया गौत्र के लगभग 71 हजार 400 मतदाताओं की ओर से विरोध करने के कारण सरकार को पुनः उन परियोजनाओं का नाम बदलकर कोसली के नाम से करना पड़ा। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से रोड़वेज वर्कशाप का नाम बदलकर शहीद सत्यप्रकाश रोडवेज कार्यशाला कोसली करने की मांग की है। उन्होंने अनुरोध किया है कि भविष्य में कोसली के नाम से स्वीकृत परियोजनाओं के साथ कोई छेड़छाड़ न की जाए।

### लेखक राधेश्याम गोमला की पुस्तक 'सफर सृष्टि' का लोकार्पण 31 को



**रेवाड़ी।** लेखक राधेश्याम गोमला की ओर से लिखित पुस्तक 'सफर सृष्टि' का आगामी 31 मई को लोकार्पण किया जाएगा। इस अवसर पर पद्म-भूषण अवार्डी पूर्व सांसद हुकुमदेव नारायण बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होंगे, जबकि विधायक लक्ष्मण सिंह यादव कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। लेखक के पुत्र विराट गोमला ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन धारूहेडा स्थित जंगल बबलर ट्यूरिज्म कॉम्प्लेक्स में किया जाएगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के साहित्य और शिक्षाप्रेमी भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि पुस्तक में सिंगुलैरिटी, बिग-बॉउन्स, बिग-बैंग, ब्रह्मांड निर्माण, पृथ्वी निर्माण और जैव-विकास की यात्रा को वैज्ञानिक तथ्यों सहित क्रमवार प्रस्तुत किया है। पुस्तक की भाषा अत्यंत प्रवाहपूर्ण और जनसुलभ है। लेखक ने वैज्ञानिक और दार्शनिक विषयों को भी सरल हिंदी में व्यक्त किया है। पुस्तक में सिंधु-सारस्वत सभ्यता, मेहरगढ़, राखीगढ़ी, धोलावीरा, सुमेरियन सभ्यता, मिस्र, माया सभ्यता और अन्य प्राचीन संस्कृतियों का उल्लेख करते हुए मानव विकास की वैश्विक यात्रा को सामने रखा है। सफर सृष्टि वास्तव में एक ऐसी ज्ञान-यात्रा है, जो पाठक को बाहरी ब्रह्मांड के साथ-साथ उसके भीतर के ब्रह्मांड से भी परिचित कराती है।

**योग** | सैनिक स्कूल में कैडेट्स ने आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी को लेकर किया पूर्वाभ्यास

## योग तनाव को कम करके सकारात्मकता, मानसिक शुद्धता और आत्मविश्वास विकसित करता: ब्रिज किशोर

- योग मात्र शारीरिक क्रिया ही नहीं है, बल्कि यह मनुष्य को मानसिक, भावनात्मक और आत्मिक विचारों पर नियंत्रण करने के योग्य बनाता है

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी**





**रेवाड़ी।** सैनिक स्कूल में योगाभ्यास करते कैडेट्स तथा मेधावी कैडेट्स को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

गोठड़ा अहीर स्थित सैनिक स्कूल में आगामी 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का अभ्यास सत्र कार्यक्रम स्वास्थ्य, ज्ञान और विश्व शांति के लिए योग थीम के आधार पर सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षुओं ने एपीटीसी प्रशिक्षक हवलदार रमन थापा, काउंसलर ज्योतिबाला व पीटीआई नचिता के दिशा-निर्देशों एवं अनुदेशनों का अनुसरण करते हुए योगाभ्यास किया। इसके साथ ही वर्ल्ड योगा प्राणिक हीलिंग फाउंडेशन साउथ मुम्बई में कार्यरत सुपर ब्रेन योग व ट्विन हार्ट मेडिटेशन विशेषज्ञ शिरीन खान के निर्देशन में साधकों को सुपर ब्रेन योग व ट्विन हार्ट मेडिटेशन का अभ्यास भी कराया गया। कैडेट्स ने योग-प्राणायाम-ध्यान के महत्व को आत्मसात करते हुए थीम आधारित भाषण व चित्रकला प्रतियोगिता में भी भाग लिया तथा सुंदर, आकर्षक व संदेश देने वाले पोस्टर तैयार किए। इसके साथ ही कक्षावार घोषित विद्यालय परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कैडेट्स को भी सम्मानित किया गया।उन्होंने कक्षावार घोषित विद्यालय परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को बधाई दी। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी, उप प्राचार्या व वरिष्ठ अध्यापक गजेन्द्र सिंह चौहान भी मौजूद थे।

### योग से शारीरिक व मानसिक संतुलन बना रहता है

इस अवसर पर प्राचार्य कैप्टन ब्रिज किशोर ने कहा कि योग शरीर एवं मन, विचार एवं कर्म की एकात्मकता तथा मनुष्य एवं प्रकृति के बीच सामंजस्य स्थापित करता है। योग का नियमित अभ्यास स्व-अनुशासन एवं कल्याण की भावना विकसित करता है। यह मनुष्य को अनेक रोगों से तो मुक्त रखता ही है, साथ ही उनमें बेहतर सोच एवं सकारात्मक ऊर्जा भी उत्पन्न करता है। योग से शारीरिक व मानसिक संतुलन बना रहता है तथा मनोबल में वृद्धि होती है। योग मात्र शारीरिक क्रिया ही नहीं है, बल्कि यह मनुष्य को मानसिक, भावनात्मक और आत्मिक विचारों पर नियंत्रण करने के योग्य बनाता है। योग तनाव को कम करके सकारात्मकता, मानसिक शुद्धता और आत्मविश्वास को भी विकसित करता है।